



## खबर संक्षेप

### 10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया दवा सेवन अभियान

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण टीओटी सह मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा.निर्देशों के अनुसार विकासखंड घरघोड़ा एवं लोइंग अर्बन में फाइलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। 10 से 12 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हाथीपांव की दवा खिलाई जाएगी। इसी तरह 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा। शेष छूटे हुए व्यक्तियों को 23 से 25 फरवरी तक मॉप.अप राउंड के माध्यम से दवा का सेवन कराया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलने वाला संक्रामक रोग हैए जो लसीका तंत्र को प्रभावित करता है। इसके लक्षण कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं और हाथीपांव जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है। फाइलेरिया की कोई वैक्सीन अथवा स्थायी इलाज उपलब्ध नहीं है, किंतु वर्ष में एक बार दी जाने वाली दवा से इस बीमारी से बचाव संभव है।

### अंशकालीन व्याख्याता के लिए आवेदन

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक में अध्यापन कार्य के लिए कम्प्यूटर साइंस इंजी विभाग में 1 अंशकालीन व्याख्याता के लिए 12 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित अवधि में समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक के नाम प्रेषित कर सकते है अथवा सीधे कार्यालय में जमा कर सकते है।

### कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में निर्माणाधीन कलेक्टोरेट सयुंक्त जिला कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंग एसडीएम और तहसील कार्यालय भवन निर्माण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार निर्माण निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा एवं ठेकेदार को दिए। इसके बाद डॉ कन्नौजे ने खेलभांठा मैदान में निर्माणाधीन मंच निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के हॉस्टल के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया और जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएल पैकरा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कंपोजित बिल्डिंगए एसडीएम और तहसील कार्यालय, मंच, पुराने छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य से लोगों को एक ही स्थान में सभी ऑफिस की सुविधा मिलेगी।

### घरघोड़ा पुलिस की सख्त कार्रवाई 5 व्यक्तियों को कार्रवाई कर भेजा जेल

# लैंड बैंक के लिए सर्वे कर रहे वनकर्मियों को युवकों ने दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा पुलिस ने वनपाल से झगड़ा और वनकर्मियों से मारपीट में शामिल पांच लोगों पर कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पहले मामले में 4 फरवरी 2026 को प्रार्थी गोपी सिंह राठिया, वन परिक्षेत्र तमनार अंतर्गत केराखोल पश्चिम में पदस्थ वनपाल, ने थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर बताया कि 3 फरवरी को लैंड बैंक सर्वे के दौरान आरोपी बीरसिंह मांझी एवं जयकुमार मांझी मौके पर पहुंचे और पूर्व प्रकरण में जेल भेजे जाने की बात को लेकर आक्रोशित होकर शासकीय कार्य में बाधा डाली, गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट के लिए दौड़ाया। घरघोड़ा में धारा 132, 221, 296, 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी ने दोनों आरोपियों को ग्राम केराखोल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों आरोपी पूर्व में वन विभाग के अपराध प्रकरण में गिरफ्तार होकर न्यायिक रिमांड पर जा चुके थे तथा हाल ही में जमानत पर रिहा हुए थे।



### वन परिक्षेत्र तमनार में वनपाल को मारने दौड़ाया

जानकारी के मुताबिक, वन परिक्षेत्र तमनार में वनपाल के पद पर पदस्थ गोपी सिंह राठिया ने घरघोड़ा थाना में शिकायत दी। शिकायत के अनुसार, मंगलवार को गोपी सिंह केराखोल पश्चिम क्षेत्र में लैंड बैंक सर्वे के लिए ड्यूटी पर गया था। तभी बीरसिंह मांझी और जयकुमार मांझी वहां पहुंचे। दोनों पुराने मामले के चलते गुस्से में थे और सरकारी काम में बाधा डालने लगे। उन्होंने गाली-गलौज की और गोपी सिंह को डंडे से मारने के लिए दौड़ाया। गोपी सिंह की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि ये दोनों आरोपी पहले भी वन विभाग से जुड़े किसी मामले में जेल जा चुके थे और हाल ही में जमानत पर बाहर आए थे।

### वनकर्मियों से विवाद 3 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

दूसरी कार्रवाई में घरघोड़ा थाना प्रभारी स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान ग्राम खोखरोआमा क्षेत्र में निजी भूमि पर प्रतिबंधित वृक्ष प्रजाति की अवैध कटाई छिलाई की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पूछताछ की गई, जहां प्रेमचंद राजपूत, संतोष कुमार राजपूत एवं राजेश राजपूत आक्रोशित होकर लोकशांति भंग करने का प्रयास करने लगे। पुलिस की समझाइश के बावजूद नहीं मानने पर तीनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 में गिरफ्तार किया गया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु इनके विरुद्ध पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर तीनों को जेल भेजा गया है।

## सरंडा जंगल में इनामी नक्सली नहीं छोड़ रहे हथियार

**बिसरा।** झारखंड सरंडा जंगल में दो सप्ताह पहले हुए एनकाउंटर में 17 नक्सली मारे जाने के बावजूद कुछ बड़े इनामी नक्सली अभी तक हथियार डालने को तैयार नहीं हैं। सुरक्षा बलों के जबरदस्त दबाव के बावजूद ये नक्सली जंगल में छिपकर रहने का फैसला किए हुए हैं। 22 जनवरी को झारखंड के नक्सल इतिहास का सबसे बड़ा एनकाउंटर हुआ था। इसके बाद सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक सर्च ऑपरेशन जारी है। अभियान के दौरान मिली जानकारी के अनुसार नक्सली जंगल युद्ध जारी रखना चाहते हैं और आत्मसमर्पण करने के मूड में नहीं हैं। पुलिस के मुताबिक सरंडा जंगल में अभी भी 50 से 55 नक्सली सक्रिय हैं। इनमें दो ऐसे बड़े नक्सली भी शामिल हैं जिन पर एक एक करोड़ रुपए का



इनाम घोषित है। झारखंड पुलिस के आईजी ऑपरेशन डॉ माइकल राज ने बताया कि इन नक्सलियों के जंगल में बने रहने का मुख्य कारण वसूली का लालच है। अवैध वसूली के जरिए मिलने वाला पैसा उन्हें जंगल से बाहर नहीं आने देता। मिली जानकारी के अनुसार बड़े नक्सली छोटे कैडरों को भी आत्मसमर्पण नहीं करने के लिए उकसा रहे हैं।

### सरकारी अस्पताल में 15 कर्मचारियों की नौकरी खतरे में

**राउरकेला।** विवादों के बीच राउरकेला सरकारी अस्पताल आरजीएच से तीन ठेका संस्थाएँ हटा दी गई हैं। उनकी जगह अब दो ठेका संस्थाएँ काम कर रही हैं। सुरक्षा का कार्य श्सैनिक सिक्योरिटी सर्विसेज को सौंपा गया है जबकि परिमल, अटेंडेंट, माली, जल आपूर्ति, इलेक्ट्रिशियन, अग्निशमन, ऑक्सीजन, स्वीपर और लिफ्ट जैसी सेवाएँ श्सुरेंद्र बारिक इंफ्रासर्विस प्राइवेट लिमिटेड को दी गई हैं। इन दो ठेका संस्थाओं के अधीन लगभग 250 कर्मचारी कार्यरत हैं। सैनिक सिक्योरिटी की ओर से करीब 100 गार्ड तीन शिफ्टों में विभिन्न वार्ड, बाहरी और आंतरिक विभाग, मातृ शिशु अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर तैनात हैं। पहले परितोष एजेंसी और एलण्केण सर्विसेज के तहत काम कर रहे 150 कर्मचारियों में से 15 लोगों को बाहर कर दिया गया है। इनमें 12 अटेंडेंट, दो परिमल और एक इलेक्ट्रिशियन शामिल हैं। ओडिशा मेडिकल कर्मचारी संघ ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए आरजीएच निदेशक को ज्ञापन देकर इन कर्मचारियों को भी नियुक्त करने की मांग की है। संघ ने समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## केंद्र व्यवस्था और छात्रों की तैयारी पर रहेगा विशेष फोकस

**रायगढ़।** कक्षा 05वीं एवं 08वीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा के आयोजन एवं मूल्यांकन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अनुपालन में जिले में परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। जिले के समस्त अशासकीय विद्यालयों के शाला प्रमुखों एवं प्रबंधकों की समीक्षा बैठक पीएमश्री नटवर स्कूल के सभाकक्ष में दो पालियों में आयोजित की गई। बैठक में सभी शालाओं की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई थी।

बैठक में नॉमिनल रोल जमा करने, परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षकों की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छात्रों को परीक्षा ब्लूप्रिंट की जानकारी देने, सैंपल प्रश्न पत्रों से अभ्यास कराने एवं प्रोजेक्ट वर्क समय पर पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से सम्बद्ध कक्षा 05वीं और 08वीं की केंद्रीकृत परीक्षा में सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के विद्यार्थियों की भागीदारी अनिवार्य है। बैठक में प्राचार्य दिनेश पटेल, नोडल अधिकारी, परीक्षा शाखा भुवनेश्वर पटेल, बीईओ संजय कुमार पटेल एवं एबीईओ द्वारका पटेल द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार करते हुए जिले का लक्ष्य कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत एवं 12वीं में 90 प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए।



### मार्च अप्रैल में परीक्षाएं

कक्षा 05वीं की परीक्षाएं 16 से 25 मार्च तक तथा कक्षा 08वीं की परीक्षाएं 17 मार्च 6 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में जिले के सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से सम्बद्ध अशासकीय गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों की भागीदारी अनिवार्य होगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क कक्षा 05वीं के लिए 55 रुपए एवं कक्षा 08वीं के लिए 60 रुपए प्रति छात्र तय किया गया है।

### सर्जरी के बाद युवक की मौत अपोलो अस्पताल में हंगामा

**राउरकेला।** गुरुवार को राउरकेला स्थित अपोलो अस्पताल में उस समय तनाव फैल गया, जब इलाज के दौरान एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया। मृतक के परिजनों ने चिकित्सा लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया, जिससे अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों के साथ उनकी तीखी झड़प हो गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय नितीश अवतार के रूप में हुई हैए जो शीतल नगर का निवासी था। परिजनों के अनुसार, करीब डेढ़ महीने पहले डीजल कॉलोनी क्षेत्र में सांड के हमले में नितीश गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद से उसका इलाज अपोलो अस्पताल में चल रहा था। परिजनों का कहना है कि बुधवार को नितीश की सर्जरी की गई। ऑपरेशन से पहले अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनसे एक निश्चित राशि जमा करने को कहा गया था।

## राउरकेला में लू प्रोजेक्ट फेल, 5 करोड़ पानी में

**राउरकेला।** सड़क किनारे, पार्क और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर बनाए गए पब्लिक शौचालय लू अब लोगों के काम नहीं आ रहे हैं। प्रत्येक शौचालय पर 2 लाख 75 हजार रुपए खर्च किए गए और शहर में लगभग 200 ऐसे स्थानों पर निर्माण हुआ। कुल लागत 5 करोड़ 50 लाख रुपये होने के बावजूद यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से विफल साबित हुआ है।

शहर के प्रमुख डीएवी चौक और उत्कलमणि गोपबंधु यांत्रिक प्रतिष्ठान यूजीआई जैसे शौचालय भी उपयोग योग्य नहीं हैं। अधिकांश निर्माण अधूरा है और ठेकेदार कंपनी ने आधा काम करके ही बिल उठाकर प्रोजेक्ट छोड़ दिया। पिछली सरकार के समय मुख्यमंत्री कर्मतत्पर अभियान मुक्ता योजना के तहत यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। विशेषज्ञों और नागरिकों का कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है और इसमें स्वार्थ जुड़े होने की आशंका है। पानी की नियमित आपूर्ति न होने के कारण पुरुष और महिला दोनों शौचालयों का



उपयोग मुश्किल हो गया है। डोंगाछक के जेल रोड पर बने शौचालय महीनों से अधूरे पड़े हैं। पानपोष स्वशासी कॉलेज परिसर और सिविल टाउनशिप पार्क में भी निर्माणाधीन शौचालय पूरी तरह कार्यरत नहीं हैं। केवल चार स्थानों पर ही शौचालय उपयोग योग्य हैं, जबकि बाकी सभी में यही स्थिति बनी हुई है।

## गांधी बस्ती में 12 घंटे तक फांसी पर लटका रहा महिला का शव

**राउरकेला।** शहर के उदितनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मालगोदाम स्थित गांधी बस्ती में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। जहां एक महिला का शव करीब 12 घंटे से अधिक समय तक फंदे से लटका रहा। औपचारिकताओं और प्रशासनिक देरी के चलते शव को देर रात तक नीचे नहीं उतारा जा सका, जिससे क्षेत्र में असंतोष और रोष का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को मानवता को शर्मसार करने वाला बताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान गांधी बस्ती निवासी 42 वर्षीय जानकी साहू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर जानकी साहू ने अपने पति राजाराम साहू के साथ भोजन किया था। इसके बाद पति काम पर चले गए। उसी दौरान जानकी ने घर के दरवाजे अंदर से बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस समय चलाए जब शाम को काम से लौटने पर बेटी घर पहुंची। दरवाजा नहीं खुलने पर आसपास के लोगों को सूचना दी गई, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर उदितनगर थाना प्रभारी जे. साहू अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद बुधवार रात मजिस्ट्रेट और साइंटिफिक टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। आवश्यक औपचारिकताओं के अभाव में शव को नीचे नहीं उतारा जा सका, जिससे परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट और साइंटिफिक टीम के पहुंचने के बाद घटनास्थल की जांच पड़ताल की गई।

## जेल में निरुद्ध बंदियों की सेहत का ख्याल, 639 की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 639 परिरूद्ध बंदियों की जांच और इलाज की गई। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जेल रायगढ़ और अंतरंग सामाजिक संस्था के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा



किया गया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा समिति के सचिव, जेल अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

शिविर में शासकीय चिकित्सालयों और निजी संस्थानों के चिकित्सकों ने जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, न्यूरोलॉजी, नेत्र रोग, चर्म रोग, दंत रोग, क्षय रोग, एचआईवी, मनोरोग और आयुर्वेद चिकित्सा जैसी विभिन्न विशेषज्ञताओं के माध्यम से बंदियों की जांच और उपचार किया। बंदियों को आवश्यक दवाइयाँ भी दी गईं। मौसम परिवर्तन से होने वाले रोगों को देखते हुए इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मानवीय दृष्टिकोण से किया गया, ताकि बंदियों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। जिला सत्र न्यायाधीश ने सभी कर्मचारियों और संस्था के पदाधिकारियों की सराहना की और भविष्य में ऐसे और शिविरों के आयोजन की आवश्यकता जताई।

## पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की कार्रवाई,11 लोगों से की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीते तीन दिनों के भीतर आबकारी एक्ट के तहत 11 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए करीब 65.9 लीटर शराब देशी, अंग्रेजी एवं कच्ची महुआ जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 16.680 है। इसके साथ ही एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है जिसे राजसात करने जिलादंडाधिकारी को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। बीते मंगलवार को थाना घरघोड़ा पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम अमलीडीह में दबिश देकर आरोपी परमेश्वर राठिया पिता भजोराम राठिया उम्र 22 वर्ष साकिन ग्राम अमलीडीह, थाना घरघोड़ा के कब्जे घर.बाड़ी से 15 लीटर क्षमता वाले दो पीले रंग के डिब्बों में भरी लगभग 5-5 लीटर कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं बिक्री रकम 1150 बरामद की गई। आरोपी द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु संग्रहित करना पाए जाने पर थाना घरघोड़ा में धारा 34,2,34, ख आबकारी अधिनियम एवं धारा 34,2ए 59 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिर फ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।





बीते दिवस थाना कापू प्रभारी के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर ग्राम पखनाकोट सुकवासुपारा में दबिश दी गई, जहां आरोपिया श्रीमती चम्पा यादव पति रवि कुमार यादव उम्र 58 वर्ष निवासी पखनाकोट सुकवासुपारा थाना कापू के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे गए 0.818 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 13.000 है, तथा एक कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपिया द्वारा घर से गांजा बिक्री करना स्वीकार करने पर थाना कापू में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।

### रायगढ़ में भी हो चुकी है जमीन का चिन्हांकन

# रायगढ़ में फिजियोथैरेपी तो पुसौर में खुलेगा नर्सिंग कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में फिजियोथेरेपी तो पुसौर में नर्सिंग कॉलेज खुलेगा। इसके लिए पुसौर तहसीलदार ने जमीन का आबंटन भी कर दिया है। रायगढ़ में भी जमीन का चिंहाकन कर लिया गया है।

हालांकि कब तक एलॉट होगा यह कहा नहीं जा सकता। फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए 1393.71 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति भी दे दी गई है। वहीं नर्सिंग कॉलेज के लिए भी 869.94 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। दोनों कॉलेज के लिए कर्मचारियों का सेटअप भी स्वीकृत कर दिया गया है। हालांकि इसमें भी कई तरह की प्रकिया से गुजरनी पड़ेगी। आने वाले समय में रायगढ़ को जहां फिजियोथेरेपी कॉलेज मिल जाएगी। इससे शहर समेत जिले के लोगों को फिजियोथेरेपी के लिए प्राइवेट संस्थाओं पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। फिजियोथेरेपी कॉलेज में 50 बीपीटी सीट के आधार पर खोला जाएगा। फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए 1393.71 लाख की स्वीकृति मिल चुकी है। ऐसे में जमीन मिलने के बाद इसका निर्माण भी चालू हो जाएगा। इसी तरह पुसौर तहसील में नर्सिंग कॉलेज खुलेगा जहां पहली बैच बीएससी नर्सिंग की 60 सीट होगी। इसके लिए तो जमीन का आबंटन भी हो चुका है। जमीन दो एकड़ से अधिक है। जो जमीन नर्सिंग कॉलेज के लिए एलॉट की गई है उसका रिकार्ड भी दुरुस्त कर दिया गया है।



**पुसौर तहसीलदार ने कर दिया है जमीन आबंटन**

### नर्सिंग कॉलेज के लिए 42 पद स्वीकृत

पुसौर में खुलने वाली नर्सिंग कॉलेज के लिए 42 पद स्वीकृत किया गया है। इसकी भर्ती होगी। नर्सिंग कॉलेज खुलने से पुसौर समेत सरिया बरमकेला के छात्रों को भी इसका फायदा मिलेगा। इसी तरह फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए 36 पद स्वीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ता आज करेंगे कलेक्ट्रेट का घेराव

**जशपुरनगर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने जिले में बड़ा आंदोलन छेड़ दिया है। मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 6 फरवरी को रणजीता स्टेडियम चौक में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, रैली एवं कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। इस दौरान प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आंदोलन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव जरिता लैतफलांग, मनरेगा बचाओ महासंग्राम के प्रदेश संयोजक एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल, पाथलगांव के पूर्व विधायक रामपुकार सिंह, जशपुर के पूर्व विधायक विनय भगत एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष यूडी. मिंज के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 16 एवं 17 को सरगुजा में

**जशपुरनगर।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा में 16 एवं 17 फरवरी 2026 को संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेला में सहभागिता हेतु ऑनलाईन पोर्टल मतवरहंत. बह. हवअ. पद या छत्तीसगढ़ रोजगार एप में ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है। ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाईन पोर्टल मतवरहंत.बह.हवअ.पद या छत्तीसगढ़ रोजगार एप में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं करवाया है, वे पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकतें है। एवं अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पर इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित हो सकतें है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जशपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

### कीटनाशक पीने से युवती की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** युवती ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक पी ली। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी मुस्कान आ. गिरिजा शंकर (16 वर्ष) 2 जनवरी को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन युवती को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चाल लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्रामीण के घर से 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद

**अम्बिकापुर।** मुखबिर की सूचना पर वन अधिकारियों ने ग्राम चम्पापुर अंतर्गत एक ग्रामीण के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद हुई। आरोपी के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षक अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सेमरसोत अभ्यारण्य में निवासरत ग्रामीणों की मदद से तस्कर जमकर लकड़ी की अवैध तस्करी कर रहे हैं। बुधवार को वन अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली कि कोदौरा जंगल के डूमरखोला बीट अंतर्गत ग्राम चंपापुर निवासी टुनुराम पिता सरजू खैरवार ने अपने घर में भारी मात्रा में अवैध बल्ली का भण्डारण किया है तथा भंडारित बल्ली को खपाने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर अधीक्षक बीएस भगत के निर्देशन एवं वन परिक्षेत्राधिकारी विनय टंडन के नेतृत्व में वन अमले ने आरोपी के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो घर से 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद हुआ। जब्त बल्ली की कीमत 20 हजार रूपए आंकी गई है। विभाग द्वारा आरोपी के विरूद्ध वन अधिनियम 1927 एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत जशपुर को मिली पर्यटन विकास की नई सौगात

# वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा मयाली: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर






- होम स्टे, रिसोर्ट्स, पाथवे, लैंडस्केपिंग सहित विभिन्न पर्यटक सुविधाएं होंगी विकसित
- मुख्यमंत्री साय ने किया मयालीदूबगीचा विकास परियोजना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत सरकार के स्वदेश दर्शन योजना 2.0 की उप-योजना सीबीडीडी के अंतर्गत स्वीकृत मयालीदूबगीचा विकास परियोजना का आज मयाली नेचर कैंप में भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से मयाली, विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग मधेश्वर पर्वत एवं बगीचा स्थित कैलाश गुफा में पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने विभिन्न कार्य किये जाएंगे।

मयालीदूबगीचा विकास परियोजना के माध्यम से क्षेत्र की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं जनजातीय विरासत को संरक्षित करते हुए समुदाय आधारित पर्यटन को सशक्त किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और जशपुर जिले को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में नई पहचान प्राप्त होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन जशपुर जिले के पर्यटन विकास के लिए ऐतिहासिक है।आज यहां पर मयाली के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी गई। मयाली अब पर्यटन मानचित्र पर उभर रहा है। अब यह वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा। मयाली की पहचान मधेश्वर महादेव से रही है। जिसे विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग माना जाता है। अब विकास परियोजना से मधेश्वर पहाड़ के धार्मिक और पर्यटन महत्व को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी।

इसे ध्यान में रखते हुए मयाली डेम के पास पर्यटक रिसोर्ट और स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाया जाएगा। इस परियोजना से जशपुर जिले में पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी। मयाली को एक संपूर्ण इको-टूरिज्म और एडवेंचर डेस्टिनेशन बनाया जाएगा। इससे यहां के जंगल, झरने, पहाड़ और आदिवासी संस्कृति को देश-दुनिया में एक नई पहचान मिलेगी। जब देश-विदेश से पर्यटक आएंगे तो पर्यटन से होने वाली आमदनी का लाभ सीधे स्थानीय लोगों को मिलेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ में होम-स्टे नीति भी लागू की गई है। ग्रामीण परिवार अपने घरों को होम-स्टे बनाकर पर्यटन से सीधे जुड़ सकेंगे। इस तरह से होम-स्टे से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। हमारे बेटे-बेटियों के लिए भी यह एक नया अवसर है। परियोजना के तहत बनने वाले स्किल डेवलपमेंट सेंटर में टूर गाइड, होटल सेवा, एडवेंचर स्पोर्ट्स, हस्तशिल्प और डिजिटल बुकिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। मयाली क्षेत्र के विकास से जशपुर के न सिर्फ पर्यटन क्षेत्र को बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक विभिन्नताओं को भी देश विदेश के लोग जानेंगे।

### पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभरेगा क्षेत्र

मयाली क्षेत्र को प्राकृतिक, धार्मिक और ग्रामीण पर्यटन के एक समग्र गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा। क्षेत्र में पर्यटन एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने हेतु अनेक विकास कार्य प्रस्तावित एवं स्वीकृत किए गए हैं, जिनके पूर्ण होने पर मयाली की पहचान एक सुव्यवस्थित, आकर्षक और पर्यटक-अनुकूल स्थल के रूप में स्थापित होगी। परियोजना के अंतर्गत मयाली में 05 पर्यटक कॉटेज, कॉन्फ्रेंस हॉल, कन्वेंशन हॉल, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, भव्य प्रवेश द्वार, बाउंड्री वॉल, आधुनिक टॉयलेट सुविधा, लैंडस्केपिंग तथा पाथवे का निर्माण किया जाएगा। इन सुविधाओं से न केवल पर्यटकों के ठहराव और आयोजन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिव मंदिर क्षेत्र में भी विकास कार्य प्रस्तावित हैं। यहां प्रवेश द्वार का निर्माण, स्वच्छ टॉयलेट सुविधा, सौंदर्यीकरण हेतु लैंडस्केपिंग तथा सुगम आवागमन के लिए पाथवे का विकास किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक आस्था से जुड़ा पर्यटन सशक्त होगा। इसी प्रकार बगीचा क्षेत्र के कैलाश गुफा परिसर को भी एक सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां प्रवेश द्वार, टॉयलेट, पिकनिक पिंडी (स्पॉट), रेस्टिंग शेड, घाट का विकास, पाथवे तथा सीढ़ियों/रेलिंग का जीर्णोद्धार किया जाना प्रस्तावित है। इससे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच सुरक्षित एवं सुविधाजनक पर्यटन अनुभव सुनिश्चित होगा। उक्त सभी कार्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा संचालित स्वदेश दर्शन योजना 2.0 की उप-स्कीम सीबीडीडी योजना के अंतर्गत स्वीकृत मयाली-बगीचा विकास परियोजना के माध्यम से किए जाएंगे। परियोजना के क्रियान्वयन से मयाली और बगीचा क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती, रोजगार के अवसरों का सृजन तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक-प्राकृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने की संभावना है। आने वाले समय में यह क्षेत्र जशपुर जिले के प्रमुख पर्यटन मानचित्र पर एक सशक्त और आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में मुख्यमंत्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष पत्थलगांव गोमती साय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड नीलू शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल रामप्रताप सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड शंभुनाथ चक्रवर्ती, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी राज्य सहकारी वित्त एवं विकास निगम सुरेन्द्र कुमार बेसरा, सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग प्रियम्वदा सिंह जूदेव, उपाध्यक्ष नगर पालिका जशपुर शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, सचिव छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग रोहित यादव, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड विवेक आचार्य, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## साय ने लिया एडवेंचर स्पोर्ट्स का आनंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान अंदाज़ में नजर आए। उन्होंने जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मयाली नेचर कैंप में न केवल विभिन्न साहसिक खेल गतिविधियों का स्वयं अनुभव किया, बल्कि कई नए एडवेंचर स्पोर्ट्स की औपचारिक शुरुआत भी की।

मुख्यमंत्री ने नियमानुसार 10 रुपये का प्रवेश शुल्क अदा कर नेचर कैंप में प्रवेश करते हुए आम नागरिकों को नियमों के पालन और समानता का एक सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय, विधायक गोमती साय, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, वन मंडलाधिकारी शशि कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने बगिया में सुनी आमजन की समस्याएं

जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे, जहां उन्होंने जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं, मांगें एवं सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।मुख्यमंत्री साय ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा जनदर्शन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



### प्रदेश के विकास में ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के विकास में ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया एगा।जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गृहग्राम बगिया से रवाना किया बाल विवाह मुक्ति रथ




**जशपुरनगर।** बाल विवाह के खिलाफ संघर्ष को राज्य के अंतिम छोर तक पहुंचाने व बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह नगर जशपुर से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ पर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले संदेशों के साथ इसके विरुद्ध प्रतिज्ञा लेने के लिए एक शपथ पट भी लगाया गया है। यह रथ 8 मार्च तक पूरे राज्य के गांवों और कस्बों से गुजरेगा। बाल विवाह के खिलाफ भारत सरकार के 100 दिवसीय राष्ट्रव्यापी गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले में समर्पित सेंटर फॉर पावर्टी एलिविएशन एंड सोशल रिसर्च 'बाल विवाह मुक्ति रथ' निकाल रहा है। समर्पित संस्था बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है।

### बालविवाह खात्मे की लड़ाई में छत्तीसगढ़ अव्वल

बाल विवाह के खात्मे की देशव्यापी लड़ाई में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका में रहा है। राज्य का बालोद जिला वर्ष 2025 में देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बना, वहीं सूरजपुर जिले के जिला प्रशासन ने 75 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित किया है। 'बाल विवाह मुक्ति रथ' से यह अपेक्षा की जा रही है कि वह 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़' का संदेश राज्य के अंतिम छोर और अंतिम गांव तक पहुंचाएगा।

### राज्य में बाल विवाह का चलन काफी कम मुख्यमंत्री

बाल विवाह के खात्मे के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को रवाना करने के बाद कहा, "राज्य में पहले ही बाल विवाह का चलन काफी हद तक कम हो चुका है और हम बालोद जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित कर चुके हैं। सरकार, नागरिक, सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन के सतत प्रयासों से हम जल्द ही छत्तीसगढ़ से बाल विवाह के पूरी तरह खात्मे के प्रति आश्वस्त हैं।

### दूरस्थ क्षेत्रों में भी पहुंचेगा बालविवाह मुक्त रथ

पोस्टरों व लाउडस्पीकर पर प्रभावशाली संदेशों के साथ ही बाल विवाह के खिलाफ प्रतिज्ञा लेने के लिए एक शपथ पट से लैस 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यात्रा के दौरान यह राज्य के सबसे सुदूर स्थानों व हाशिये के समुदायों तक पहुंच सके। चारपहिया वाहन जहां प्रमुख सड़कों और बेहतर पहुंच वाले मार्गों को कवर करेंगे, वहीं कमजोर संपर्क वाले अत्यंत दूरस्थ गांवों तक राज्यभर में मोटरसाइकिल या साइकिल कारवां के माध्यम से पहुंचा जाएगा।

## एनएच किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर



एनएच व रिंग रोड किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ सरगुजा पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब पुलिस ने गिरोह के सरगना और चोरी का डीजल खरीदने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरों से 65 रुपए में चोरी का डीजल खरीद लेता था और अन्य वाहन चालकों को 80-90 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बेच देता था। पुलिस ने आरोपी आदतन बदमाश है और उसके खिलाफ एमपी, छत्तीसगढ़ में अनेको प्रकरण दर्ज है।

बता दें कि सरगुजा में डीजल चोर गिरोह एनएच व रिंग रोड किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने का काम करता है। डीजल चोर गिरोह द्वारा वाहनों के टैंकर ढक्कन तोडकर डीजल की चोरी की जाती थी। चोरों ने 10 नवम्बर 2025 की रात लखनपुर एनएच 130 पर जजगा में ढाबा किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीआर 2292 से टैंकर का ढक्कन तोड़कर 280 लीटर डीजल की चोरी की थी। इसके साथ ही 23 अक्टूबर की रात लखनपुर सिंगीटाना के समीप एनएच किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 3477 से 300 लीटर, सीजी 15 ईए 8003 से करीब 180 लीटर, ट्रक कमांक सीजी 15 ईए 8004 से 200 लीटर कुल 680 लीटर डीजल की चोरी की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 305(सी), 3(5), 317(4), 111(1), (ii) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में डीजल चोर गिरोह के आरोपियों हीरालोनी, रोहित लोनी, धुव्र लोनी, बसंत लोनी को एमपी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके साथ ही एसएसपी व डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल गिरोह के सरगना पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी।

### बजट में परिवहन क्षेत्र की अनदेखी से अर्थव्यवस्था को नुकसान

**राउरकेला।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी उत्सव के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने केंद्रीय बजट पर



प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें परिवहन क्षेत्र की घोर अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले ट्रक और सड़क परिवहन व्यवसाय के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किए गए, जिससे लाखों परिवहन व्यवसायी स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि भारत में लगभग 70 प्रतिशत माल ढुलाई सड़क परिवहन के माध्यम से होती है। कृषि उत्पादों से लेकर औद्योगिक सामग्री और आवश्यक वस्तुएँ ट्रकों के जरिए ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचती हैं। इसके बावजूद बजट में ट्रांसपोर्टरों, ट्रक मालिकों और ड्राइवरों को राहत देने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

### ऑपरेशन ट्रैफिक सिविल टाउनशिप में सख्ती

**राउरकेला।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क किनारे अतिक्रमण पर नियंत्रण के उद्देश्य से राउरकेला नगर निगम आरएमसी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रैफिक के तहत बुधवार को सिविल टाउनशिप क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आरएमसी आयुक्त दीना दस्तगीर ने स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और नागरिक अनुशासन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसटीआई चौक से नेक्सा शोरूम तक मुख्य सड़क का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने दुकानदारों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, विशेषकर सेकेंड हैंड एवं पुरानी बाइक बेचने वालों को अपने प्रतिष्ठान के पांच मीटर दायरे में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरे के उचित निपटान के लिए डस्टबिन का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही नालियों और फुटपाथों पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण अथवा व्यावसायिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए।

### सेल ने की प्रमुख उत्पादन एवं प्रेषण मानकों में नए कीर्तिमान स्थापित

राउरकेला। महारत्न कंपनी सेल की इकाई राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैलदृजनवरी अवधि के दौरान प्रमुख उत्पादन एवं प्रेषण मानकों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। आरएसपी ने इस अवधि में 34,57,761 टन विक्रय योग्य इस्पात का उत्पादन कियाए जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 34,35,767 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। एचएसएम.2 ने 22,06,432 टन एचआर कॉइल का रोलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि नई शीट शियरिंग लाइन ने 2,59,870 टन एचआर प्लेट का उत्पादन कर 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। न्यू प्लेट मिल ने 8,25,999 टन प्लेट उत्पादन कर पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। अपस्ट्रीम क्षेत्रों में भी उपलब्धियां शानदार रहीं। ब्लास्ट फर्नेस.5 दुर्गा ने 26,97,961 टन हॉट मेटलए ब्लास्ट फर्नेस 1 पार्वती ने 8,95,446 टन हॉट मेटल का सर्वोत्तम उत्पादन किया। सिंटर प्लांट.3 ने 30,97,986 टन सिंटर उत्पादन के साथ सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड बनाया। लॉजिस्टिक्स में भी आरएसपी ने मील का पत्थर स्थापित किया। 30 जनवरी को 5,576 टन का एक दिवसीय सड़क प्रेषण और जनवरी 2026 में 3,04,649 टन रेल प्रेषण दर्ज कर इतिहास रचा गया।

### भागवत केवल कथा नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग

**जशपुरनगर।** शहर के कीर्तन भवन में बुधवार की शाम सात दिवसीय मद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन की कथा का वाचन आचार्य करुणा शंकर जी महाराज द्वारा किया गया। कथा प्रारंभ से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना एवं भागवत महापुराण की आरती की गई। पहले दिन आचार्य करुणा शंकर जी ने मद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र और भक्ति के मूल सिद्धांतों का संक्षिप्त वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण भक्ति-मय हो गया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से कीर्तन भवन गूंज उठा। आयोजन समिति ने बताया कि यह मद्भागवत कथा के साथ झांकी प्रदर्शन प्रतिदिन शाम 6:30 से 9:30 तक आयोजित की जाएगी।



# 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो प्रेमियों की कहानी देखने को मिलती है। दोनों की पसंद अलग है, लेकिन फिर कैसे दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ते हैं और अंत में उनकी प्रेम कहानी किस मोड़ पर पहुंचती है, ये फिल्म में देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में मृणाल (रोशनी) और सिद्धांत (शशांक) के किरदार अपनी-अपनी आदतों और पसंद के बारे में बताते हैं। इसके बाद ट्रेलर में देखने को मिलता है कि दोनों की शादी की बात होती है, जहां शशांक के घरवाले रोशनी के घर रिश्ता लेकर जाते हैं। दोनों के पेरेंट्स दोनों को शादी करने के लिए कहते हैं और कैसे बात करना है ये बताते हैं। शशांक 'श' को 'स' कहता है, जिसके चलते उसे पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शादी के लिए रोशनी शशांक को मना कर देती है। लेकिन बाद में दोनों एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं और उनके बीच प्यार पलने लगता है।

लाइफ Style

# जैकलीन
## काशी में लिया चाट का मजा

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज हाल ही में वाराणसी पहुंची थीं। उन्होंने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के साथ शहर की गलियों में घूमकर स्थानीय स्वादिष्ट स्नैक्स का भी लुत्फ उठाया। अभिनेत्री ने वहां की खूबसूरत झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर कीं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तस्वीरों में जैकलीन पारंपरिक पिंक कलर के सूट में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे मुस्कराते हुए पोज दे रही हैं, तो कुछ में काशी की खास वाइब्स को एंजॉय करती दिख रही हैं। एक तस्वीर में उन्होंने वाराणसी की मशहूर चाट की फोटो पोस्ट की है, जिससे साफ पता चलता है कि अभिनेत्री काफी फूडी हैं और अलग-अलग जगहों पर वहां के पारंपरिक खाने को ट्राई करने में दिलचस्पी रखती हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ लिखा, "वाराणसी।" फैंस को जैकलीन का पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की है। साल 2006 में उन्होंने 'श्रीलंका यूनिवर्स' का खिताब जीता था। इसके बाद 2009 में फिल्म 'अलादीन' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली जैकलीन को शुरुआती संघर्ष के बाद 2011 में फिल्म 'मर्डर 2' से बड़ी पहचान मिली।

ऑस्ट्रेलिया से मास मीडिया में स्नातक करने वाली जैकलीन आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हैं, हालांकि हाल के वर्षों में वह ठग सुकेश चंद्रशेखर मामले को लेकर भी विवादों में रही हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# चैपल का रेड कार्पेट लुक बना टॉक ऑफ द टाउन

लॉस एंजेलिस। ग्रैमी अवॉर्ड्स का मंच हमेशा से ही अपने संगीत और अनूठे फैशन के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन इस बार 'हॉट टू गो' फेम गायिका चैपल रोआन का रेड कार्पेट लुक टॉक ऑफ द टाउन बन गया है। उनके बोल्ड और आर्टिस्टिक 'मुलर' गाउन ने इंटरनेट को दो धड़ों में बांट दिया है। 68वें वार्षिक ग्रैमी अवॉर्ड्स में चैपल रोन ने जैसे ही कदम रखा, कैमरे उनकी ओर मुड़ गए। उन्होंने मुलर का डिजाइन किया गया एक कस्टम शीयर गाउन पहना था, जिसने सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाओं का तूफान खड़ा कर दिया। चैपल रोआन का यह लुक कोई साधारण फैशन चॉइस नहीं था। यह लेजेंडरी डिजाइनर मैनफ्रेड थियरी मुलर के 1998 के स्प्रिंग/समर 'ज्यू डी पॉम' कॉउचर कलेक्शन से प्रेरित था। इस ऐतिहासिक लुक को फैशन हाउस मुलर के डिजाइनर मिगुएल कास्त्रो फ्रीटास ने 2026 के लिए नए सिरे से तैयार किया था।



# 'द ड्रामा' का ट्रेलर आया सामने

**लॉस एंजेलिस।** 3 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'द ड्रामा' एक ऐसे रोमांस की कहानी है, जो एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद बिखरने लगता है। ट्रेलर की शुरुआत में ज़ेंडया और रॉबर्ट पैटिनसन एक परफेक्ट कपल के रूप में नजर आते हैं, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब एक सच उनके रिश्ते की नींव हिला देता है। 'द ड्रामा' में, ज़ेंडाया एम्मा का किरदार निभा रही हैं, जो एक इंग्लिश ग्रेजुएट है और मिशन बुक्स में काम करती है, जबकि पैटिनसन चार्ली का किरदार निभा रहे हैं, जो कैम्ब्रिज आर्ट म्यूज़ियम के डायरेक्टर हैं और उनके पास आर्ट हिस्ट्री में पीएचडी है। यह कपल बहुत प्यार में और इमोशनली सिक्योर लगता है, जब तक कि एक अकेला कन्फेशन उनके बनाए हुए सब कुछ को खत्म करने की धमकी नहीं देता। ट्रेलर दर्शकों को एम्मा और चार्ली की एक अंतरंग शाम से मिलवाता है, जिसमें एक और कपल भी है, जिसका किरदार अलाना हैम और महमूदू एथी ने निभाया है। जो एक आरामदायक वाइन नाइट के तौर पर शुरू होता है, वह जल्द ही कन्फेशन के एक इमोशनली चार्ज्ड गेम में बदल जाता है।




# तापसी की 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये ट्रेलर मजबूत कहानी के साथ अच्छी स्टारकास्ट की झलक दिखा रहा है। ये ट्रेलर काफी प्रॉमिसिंग और मजबूत कहानी वाला नजर आ रहा है। ये फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस ट्रेलर की एक टैगलाइन है 'उस रात वो घर नहीं पहंची', इसी से समझ में आता है कि ये कहानी क्या होगी। ट्रेलर एक कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें तापसी एक वकील के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म में तापसी एक रेप विक्टिम को न्याय दिलाने की कोशिश करने में लगी हैं। ट्रेलर से समझ आता है कि ये एक रेप विक्टिम की कहानी है, जो रात में अपने घर आ रही होती है और उसे रास्ते में कुछ लोग गाड़ी में ले जाते हैं और रेप कर फेंक देते हैं। इसके बाद शुरू होता है कोर्टरूम ड्रामा, जो हर किसी के दिमाग के पुर्जे हिला सकता है।



# 'धुरंधर' ने तोड़ा दंगल और पीके का रिकॉर्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' 19वीं भारतीय फ़िल्म बन गई है, जिसने देश में 40 मिलियन से ज़्यादा टिकट बेचे हैं। यह एक ऐसा कारनामा है, जिसे कई लेजेंडरी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में भी हासिल नहीं कर पाईं हैं। ट्रेड एक्सपर्ट्स ने फ़िल्म के लगातार थिएटर में चलने और देश भर में औसत टिकट कीमतों के आधार पर इन आंकड़ों का अनुमान लगाया है। 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज़ हुई धुरंधर बहुत शानदार ओपनिंग नहीं की थी। इसने पहले दिन लगभग 30 करोड़ कमाए। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह वर्ड-ऑफ-माउथ से मिली सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण था। फिल्म ने अगले हफ्तों में ज़बरदस्त ग्रोथ दिखाई, और अपने थिएट्रिकल रन के दौरान लगातार नए सिंगल-डे रिकॉर्ड बनाए।

# 29 साल बाद आमने-सामने होंगे सन्नी और अक्षय

मुंबई। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने मुंबई में आयोजित अपने भव्य कार्यक्रम 'व्हाट्स नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स' में 2026 के लिए अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर दी है। इस पूरी लिस्ट में जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं, वह है सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'इक्का'। इस लीगल ड्रामा की सबसे खास बात यह है कि इसमें सनी देओल और अक्षय खन्ना की जोड़ी पूरे 29 साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही है। इससे पहले ये दोनों दिग्गज साल 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर में साथ नजर आए थे। सोशल मीडिया यूजर्स ने इक्का के पहले टीज़र पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और सनी देओल और अक्षय खन्ना के परफॉर्मेंस की तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, तारा सिंह और रहमान डकैत का क्रॉसओवर। एक और फैन ने कमेंट किया, उम्मीद नहीं थी कि नेटफ्लिक्स सनी और अक्षय के साथ कुछ बना रहा है। एक और कमेंट में लिखा था सनी देओल बनाम अक्षय खन्ना क्या कोलैब है।



# ओटीटी की दुनिया में नजर आएगी चाहत

**मुंबई।** टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में अपनी पहचान बना रही एक्ट्रेस चाहत पांडे ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया है। हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई नई वेब सीरीज 'हसरतें सीजन 3' में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है। उनका किरदार कई मायनों में महिलाओं की जटिल भावनाओं, उनकी इच्छाओं और उनके संघर्ष को बयां करता है। सीरीज के नए एपिसोड 'नया किराएदार' में चाहत पांडे ने स्मिता नाम की गृहिणी की भूमिका निभाई है। स्मिता एक ऐसी महिला है, जो अपने पति के अचानक गायब होने के बाद अकेली और भावनात्मक रूप से असुरक्षित महसूस करती है। उसे अपनी दबंग सास के साथ रहना पड़ता है, जिससे उसके जीवन में दबाव और भी बढ़ जाता है। समाज की निगाहें, ऑफिस में हो रहे उत्पीड़न और अपनी अधूरी इच्छाओं को दबाने की मजबूरी ने उसकी जिंदगी को थमा दिया है। लेकिन कहानी में बदलाव तब आता है, जब उसके घर में समर्थ नाम का एक युवा म्यूजिशियन किरायेदार बनकर आता है। उनकी बढ़ती दोस्ती स्मिता के भीतर छिपी हुई भावनाओं को फिर से जागृत करती है। जैसे-जैसे स्मिता समर्थ के करीब जाने लगती है, अचानक उसके पति की वापसी हो जाती है।



# मोनालिसा की फिल्म का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण सी लड़की अचानक चर्चा का केंद्र बन गई थी नाम था मोनालिसा। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। महाकुंभ के दौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उनकी सादगी और मासूमियत ने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। यहीं से मोनालिसा का सफर मेले से फिल्मों की दुनिया की ओर बढ़ा। मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है।



# ..........अब मंजूरी नही आजादी जरूरी : लीसा

**मुंबई।** फिल्म और फैशन की दुनिया में फिटनेस और लुक्स काफी मायने रखते हैं। ऐसे में एक्ट्रेसेस के लिए उम्र बढ़ने के साथ यह दबाव और भी बढ़ता जाता है, लेकिन कुछ अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने इन दबावों को नहीं माना और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती हैं। अभिनेत्री लीसा रे उन्हीं में से एक हैं। 50 साल की उम्र में उन्होंने 'बीच बॉडी' की सोच को नए मायने दिए हैं और इसे आत्मस्वीकृति, आजादी और आत्मसम्मान से जोड़कर देखा है। लीसा रे ने बीच से अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'एक समय था जब बीच पर खूबसूरत दिखने का मतलब एक तय इमेज से जोड़ा जाता था, रेड स्विमसूट, रेड लिपस्टिक और हर हाल में परफेक्ट दिखने का दबाव। साल 1991 के ग्लैडरैग्स कवर ने मेरी यही छवि लोगों के मन में बसा दी थी और इसी छवि के सहारे मैंने अपना करियर भी बनाया। लेकिन, आज मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने आज रखती है।' उन्होंने आगे लिखा, 'शरीर समय के साथ बदला है, जिंदगी में उतार-चढ़ाव आए हैं, बीमारियों से लड़ी हूं और खुद को फिर से खड़ा किया है। अब दूसरों की मंजूरी से ज्यादा सुकून अपने आप को स्वीकार करने में मिलता है। उन असंभव सुंदरता मानकों से बाहर निकलना ही मुझे असली राहत है।



## शाहिद की 'ओ रोमियो' से लेकर तापसी की 'अस्सी' तक शामिल


# फरवरी में मनोरंजन का तड़का, रिलीज होंगी कई फिल्में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जनवरी सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' के साथ धमाकेदार तरीके से खत्म हो रहा है। लोग फरवरी में आने वाली नई फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। अगला महीना कई मजेदार हिंदी फिल्में लेकर आ रहा है। इसमें शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' से लेकर तापसी पन्नू की 'अस्सी' तक शामिल हैं।

### ओ रोमियो

विशाल भारद्वाज ने 'ओ रोमियो' को निर्देशित किया है। इसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म बनाने वालों ने कुछ दिन पहले ट्रेलर जारी किया, जिसमें उस्तारा और अफशा की दुनिया की झलक है। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज होगी। मुख्य कलाकारों के अलावा, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया, नाना पाटेकर, दिशा पटानी, अविनाश तिवारी और विक्रांत मैसी भी हैं।




### रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने सहर में' एक आने वाली रोमांटिक ड्रामा है। रवि उदयवार ने इसे निर्देशित किया है। यह 20 फरवरी को रिलीज होगी और 'अस्सी' से टकराव होगा। मृणाल और सिद्धांत के अलावा, इला अरुण, आयशा रजा, अचिंत कौर, नवीन कौशिक और अन्य कलाकार हैं। इसका निर्माण जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया, भंसाली प्रोडक्शंस और रवि उदयवार मीडिया ने मिलकर किया है।

### तापसी पन्नू की अस्सी

तापसी पन्नू ने अनुभव सिन्हा के साथ 'मुल्क' और 'थप्पड़' में काम किया। अब उन्होंने 'अस्सी' के लिए फिर से साथ काम किया है। इस जासूसी थ्रिलर की पहली झलक सोशल मीडिया पर आई। इसमें तापसी वकील के रूप में हैं, जिनके चेहरे पर काली स्याही के निशान हैं। मनोज पाहवा, कानू कुसृति, रेवती, कुमुद मिश्रा और जीशान अय्यूब के साथ यह फिल्म 20 फरवरी को रिलीज होगी।

### 13 फरवरी को रिलीज होगी तू या मैं

शनाया कपूर ने विक्रांत मैसी के साथ 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में शुरुआत की। अब वह अपनी नई फिल्म के साथ तैयार हैं। आदर्श गौरव के साथ 'तू या मैं' में मुख्य भूमिका में हैं। बेजॉय नाम्बियार ने इसे निर्देशित किया है। 13 फरवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म में शनाया- अवनी शाह और आदर्श-मारुति कदम के रोल में नजर आएंगे। यह 'ओ रोमियो' से बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी।

# कल्कि 2898 एडी-2 में नजर आ सकती हैं साई पल्लवी

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को फैंस ने खूब पसंद किया। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन जैसे स्टार्स थे। नाग अश्विन की फिल्म का दूसरा पार्ट बन रहा है, और इस बात को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह कौन लेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साई पल्लवी फिल्म के सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह लेंगी। साई पल्लवी दीपिका पादुकोण को रिप्लेस कर रही हैं। फिल्म की टीम के एक रिप्रेजेंटेटिव ने कन्फर्म किया है कि दीपिका पादुकोण की जगह साई पल्लवी को लेने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। लेकिन हां, दीपिका के बाहर होने के बाद, मेकर्स रोल के लिए साई पल्लवी पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि साई पल्लवी इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी। हालांकि, साई पल्लवी को अभी फाइनल नहीं किया गया है। कृपया ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतजार करें। कास्टिंग फाइनल होने के बाद प्रोड्यूसर्स एक स्टेटमेंट जारी करेंगे।" कल्कि 2898 एडी जून 2024 में रिलीज़ हुई थी। फिल्म ने दुनिया भर में 1042 करोड़ कमाए। प्रभास ने भैरव का रोल निभाया, अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का और कमल हासन ने विलेन सुप्रीम यास्किन का रोल निभाया।



# मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द फिल्म' का इंतजार फैंस काफी लंबे समय से कर रहे थे। वेब सीरीज के तीन सफल सीजन के बाद अब दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि ओटीटी से सिनेमाघरों तक पहुंचते हुए इस कहानी में क्या नया देखने को मिलेगा। इसी बीच फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हाल ही में मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर यह कन्फर्म कर दिया है कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स के मुताबिक फिल्म का आखिरी शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और अब प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में पहुंच चुका है। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की कहानी को लेकर कोई बड़ा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म या तो सीरीज़ का प्रीक्वल हो सकती है या फिर उसी टाइमलाइन का एक अहम और बड़ा हिस्सा दिखा सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म का स्केल वेब सीरीज से कई गुना ज्यादा भव्य होगा। सत्ता की लड़ाई, खून-खराबा और मिर्जापुर की गद्दी के लिए एक नया और और भी खूनी खेल दर्शकों को देखने को मिल सकता है। बड़े पर्दे पर मिर्जापुर की दुनिया को और ज्यादा रॉ, इंटेंस और सिनेमैटिक तरीके से पेश किए जाने की पूरी तैयारी है।

## खबर संक्षेप



### सनसाइन अंग्रेजी स्कूल में वार्षिक उत्सव

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा से लगे हुए भांटा गांव में सनसाइन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रूपा सिंह देव जिलामंत्री भाजपा सक्ति एवं विशिष्ट अतिथि में कवि वर्मा जनपद अध्यक्ष मालखरौदा, पूर्णिमा चन्द्र प्रकाश जिला सदस्य, योगेश राठौर भांटा मंडी अध्यक्ष सरला राउत राय भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रयासों की प्रशंसा की। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर सभी ने उनकी सराहना की। वार्षिक उत्सव विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार आयोजन साबित हुआ।

### किराए के मकान से युवक का शव बरामद

**बोनाई।** मंगलवार को बोनाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवगांव के पास एक किराए के मकान से 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच चिंता और तरह तरह की चर्चाएँ शुरू हो गईं। मृतक की पहचान बोनाईकला गांव निवासी जतिन मणि हीरा 25 के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार जतिन बोनाई में रहकर कोचिंग की पढ़ाई कर रहा था और वह किराए के मकान में अकेले रहता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक पूरे दिन दरवाजा नहीं खुलने पर संदेह उत्पन्न हुआ। जब देखा गया कि मकान अंदर से बंद है, तो पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बोनाई पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विद्युत प्रणाली में चिंगारी लगने से मचा हड़कंप

**राउरकेला।** हावड़ा राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस को बुधवार को बीच रास्ते में रद्द कर दिया गया, जब टुनिया स्टेशन के पास ट्रेन की विद्युत प्रणाली में चिंगारी देखी गई। इस घटना से सुरक्षा को लेकर चिंता उत्पन्न हो गई, जिसके बाद रेलवे अधिकारियों ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हावड़ा से राउरकेला जा रही इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन के इलेक्ट्रिकल हॉट एक्सल पैनल में चिंगारी नजर आई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन को तुरंत टुनिया स्टेशन पर रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।
घटना के बाद यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ट्रेन की तकनीकी जांच के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की आगे की यात्रा रद्द करने का निर्णय लिया गया। रेलवे की इंजीनियरिंग टीम को मौके पर भेजा गया, जिसने विद्युत खराबी के कारणों की जांच शुरू की।
यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए ट्रेन रद्द होने से प्रभावित 100 से अधिक यात्रियों को बाद में दुरंतो एक्सप्रेस के माध्यम से राउरकेला भेजा गया।

### निधन...

#### मरहूमा अली शान बी

**रायगढ़।** इंदिरा नगर निवासी मरहूमा अली शान बी का 5 फरवरी को निधन हो गया। मरहूमा अपने पीछे पाँच पुत्र शेख हासम, शेख आज़म, शेख अज़ीम, शेख ताजीम एवं शेख मुस्तक तथा दो पुत्रियाँ साजन एवं नूरजहाँ को शोकाकुल छोड़ गई हैं। मरहूमा का अंतिम संस्कार कोतरा रोड कब्रिस्तान में किया गया।



## हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

# लोन स्वीकृति में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, लक्ष्य हासिल करें बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित ऋण प्रकरणों एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने ऋण स्वीकृति एवं वितरण में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंकर्स से कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की जिम्मेदारी है और इसमें कोताही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में साख.जमा अनुपात, कमजोर वर्गों को ऋण स्वीकृति, महिलाओं, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की गई। कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रगति पर विशेष फोकस किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी उद्यमिता, मत्स्य पालन, बागवानी, पीएम मुद्रा योजना, स्व.सहायता समूहों के बैंक लिंकेज तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही निष्क्रिय खातों की सक्रियता एवं डेफ खातों के एक्टिवेशन की स्थिति पर भी चर्चा की गई।
जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्षिक साख योजना, वित्तीय साक्षरता केंद्रों की प्रगति, फसल बीमा, कृषि मियादी ऋण, कुल कृषि ऋण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की जानकारी ली और कम प्रगति वाले बैंकों को आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति के एजेंडा पर भी चर्चा की गई। इस दौरान आरबीआई के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि 9 13 फरवरी तक सुरक्षित बैंकिंग की विषय पर वित्तीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।


बैंक प्रतिनिधियों का बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।



## एपीएल ने ग्रामीणों को किया क्रिकेट किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पॉवर लिमिटेड की सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्थानीय प्रतिभाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से सयंत्र के परिधीय तथा रेल परियोजना से जुड़े गाँवों में ग्राम स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसके अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए बैट, बॉल, स्टंप, जर्सी सहित संपूर्ण क्रिकेट किट प्रदान की गई। साथ ही प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए टेंट सामग्री का सहयोग भी दिया गया। इस पहल से पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना और ग्रामीण युवाओं ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से ओमप्रकाश गुप्ता सरपंच बड़ेभंडार, संजय मैत्री सरपंच बरपाली, ओशराम सिदार अमलीभौना, अशोक सिदार सरपंच छोटे भंडार, योगेश चौहान युवा नेता, फणीन्द्र सिदार सरवानी, दिनेश पटेल सरपंच गेजामुड़ा और राम भगत निषाद सरपंच काशीचुवा सहित अन्य ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की। सभी जनप्रतिनिधियों ने अदाणी फाउंडेशन की इस पहल को खेल प्रतिभाओं के विकास की दिशा में एक सार्थक कदम बताया।

### ग्रामीण बेटियों की उभरती शक्ति

अदाणी फाउंडेशन रायगढ़ द्वारा पिछले तीन वर्षों से संचालित गर्ल्स कबड्डी प्रशिक्षण कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के खेल कौशल को एक नया आयाम दिया है। अब तक 180 से अधिक स्कूली बालिकाएँ इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित की जा चुकी हैं। इन बालिकाओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चक्रधर समारोह महिला कबड्डी टूर्नामेंट में टीम ने वर्ष 2023-24 और 2024-25 में लगातार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। जबकि 2024-25 में टीम उपविजेता रही। वर्तमान वर्ष में टीम ने घरघोड़ा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रायगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए जशपुर को फाइनल में हराकर चैंपियन का खिताब जीता।

## सराईपाली संकुल में प्रियंका ने दिया मोटिवेशनल स्पीच

**कटेली।** शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी सराईपाली संकुल में पहुंची। संकुल अंतर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों में मोटिवेशनल स्पीच देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया, प्रियंका द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवम प्रेरित करने हेतु निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया, प्रियंका ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक आदर्श शिक्षक सदैव प्रेरित करता है। इनके ओजस्वी शब्दों से एक होनहार बालिका भावुक हो उठी और पुनः आने का आग्रह किया, गोस्वामी ज़मीनी तौर से बच्चों से जुड़ी शिक्षिका हैं, जो बाल मन के हृदय में निवास करती हैं इस अवसर पर प्रियंका गोस्वामी, पदुमलाल राठिया, चन्द्रकिशोर नायक, कैलाश साहू, विश्वनाथ कुर्रे, मधु बाथम, अमरसाय खलखो एवम सभी विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



## अमलडीहा के प्रगति शिशु मंदिर में 12वीं की छात्राओं को दी गई विदाई

**चंद्रपुर।** प्रगति शिशु मंदिर स्कूल अमलडीहा में कक्षा 12वीं की छात्राओं के सम्मान में स्नेहपूर्ण एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं को प्रेरक संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अनुशासन परिश्रम तथा संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। समारोह के दौरान छात्राओं के लिए विशेष रूप से स्वादिष्ट नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जिसमें पनीर पकोड़ा प्रमुख आकर्षण रहा। इसके अलावा जूस, मिठाई और अन्य व्यंजन भी परोसे गए, जिन्हें विद्यार्थियों ने खूब सराहा। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें म्यूजिकल चेयर, रिले रेस और क्विज प्रतियोगिता शामिल थीं। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरा माहौल आनंदमय बना रहा। कार्यक्रम को रोचक बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों का मार्गदर्शन किया और स्वयं भी कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे वातावरण और अधिक जीवंत बन गया। विदाई समारोह के सफल आयोजन में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रनभांठा में 366 ग्रामीणों ने सिखा योगा

**रायगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा के तत्वावधान में पांच दिवसीय योग रनभांठा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर प्रभारी डॉ. अजय नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि योग शिविर में बीपी, शुगर, जोड़ो के दर्द, मोटापा, गैस आदि रोगों से संबंधित विशेष योगाभ्यास कराए गए। शिविर के दौरान अनुलोम विलोम, प्राणायाम, कपालभाति, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, तिर्यक आसन, मकर आसन सहित विभिन्न योगासन सिखा, गए, जिससे आमजन को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिल सके। योग प्रशिक्षक दुलमनी रजक द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।

## सरिया में पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

1 से 5 फरवरी तक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सरिया के योग प्रशिक्षिका यज्ञसेनी प्रधान द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर ग्राम बरपाली के राम मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ।

शिविर का शुभारम्भ सरपंच जगन्नाथ पटेल, सेवानिवृत्त शिक्षक गिरधर लाल पटेल एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विधिवत भगवान सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं फल फोड़कर फोड़कर किया गया। इस योग प्रशिक्षण शिविर में मुख्यतः सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन, वज्रासन, मंडूकासन, उतान पादासन, हलासन, तिर्यक कोण आसन इत्यादि आसनों के साथ भस्त्रिका, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, कपाल भाती, उदगीथ, जैसे प्राणायाम एवं उनके उपयोगों की जानकारी दी गई। प्रतिदिन लोगों के विभिन्न प्रकार के रोगोंका निदान एवं सलाह योग द्वारा किया गया। शिविर का समापन सरपंच जगन्नाथ पटेल द्वारा योग प्रशिक्षिका यज्ञसेनी प्रधान को शाल एवं श्रीफल देकर किया गया, इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक गिरधर लाल पटेलए व्याख्याता सुदर्शन पटेल, गणमान्य वेद प्रकाश चौहान, हरिकिशन पटेल नारद चौहान, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## लोइंग में क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन

**लोईंग।** पूर्वांचल के ग्राम पंचायत लोइंग में 1 फरवरी से रोजाना तीन टीम का मैच चल रहा है। फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा । इस मैच के विजेता को 51 और सेकंड विजेता को 31 हजार दिया जाएगा। बेस्ट बेट्समेंन को 3100 तथा बेस्ट बॉलर को इकतीस सौ दिया जाएगा। 5 फरवरी को बबलू इलेवन और फ्रेस इलेवन के बीच मैच खेला गया। टास बबलू इलेवन ने जीतकर पहले बैटिंग करने के लिए मैदान में उतरा और सात विकेट खो कर 102 बनाकर टारगेट दिया 103 रन का। फ्रेस इलेवन 103 रन का पीछा करने के लिए दल बल लेकर मैदान पर उतरा और जीत हासिल करने के लिए अच्छी रणनीति अपनाते हुए अपना जीत हासिल करने के लिए 4 विकेट गवाकर 3 बाल शेष रहते हुए मैच फ्रेस इलेवन ने 103 का टारगेट पूरा कर लिया।



## सीएसपीडीसीएल ने किया डॉ.मनीषा को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीपीडीसी एल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 04 फरवरी को मेरिज गार्डन बोईरदादर में शहर के प्रथम नागरिक जीवर्धन चौहान महापौर, डिग्री लाल साहू सभापति, पूर्व पार्षद कौशलेश मिश्रा, क्षेत्रीय पार्षद महेश शुक्ला, विद्युत विभाग अधिकारी प्रमुख गुंजन शर्मा की उपस्थिति में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ.मनीषा त्रिपाठी, प्रधान पाठक, शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ को घरेलू उपभोक्ता के रूप में विगत दो वर्षों में नियमित बिना बकाया राशि विद्युत देयक का भुगतान कर सजग उपभोक्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।



## सागर पब्लिक स्कूल में सुर संध्या थीम पर हुआ वार्षिकोत्सव

**बिलाईगढ़।** सागर पब्लिक स्कूल बिलाईगढ़ में गुरुवार को सुर संध्या थीम पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे रहीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. ओएन जायसवाल डॉ. एमडी जायसवाल डायरेक्टर दक्ष हॉस्पिटल बिलाईगढ़ आरके अग्रवाल, संरक्षक व्यापारी संघ बिलाईगढ़, लकेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, आशीष भट्ट अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रेरणास्त्रोत संरक्षक रामसागर डनसेना एवं श्रीमती लक्ष्मीन डनसेना, विद्यालय संचालक दीपक डनसेना, प्राचार्य प्रकाश डनसेना, पार्षद उमाशंकर देवांगन, सुभाष डनसेना तथा पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। देशभक्ति गीत, रामायण एवं महाभारत आधारित नृत्य नाट्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, आज़ादी के महत्व पर आधारित नृत्य, नाटक, साउथ इंडियन, संबलपुरी एवं पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।
इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा वर्ष 2016-17 के पास आउट छात्र डॉ. राजकुमार साहू वर्तमान में जिला कोरबा में पदस्थ मिथिलेश लहरे विधायक बिलाईगढ़ के पीआरओ एवं प्रदीप देवांगन को सम्मानित किया गया जो इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कु. चंद्रलता यादव को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 तथा नूतन अमलीवर को स्टूडेंट ऑफ स्कूल सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओएन जायसवाल एवं डॉ. एमडी जायसवाल, डायरेक्टर दक्ष हॉस्पिटल बिलाईगढ़ द्वारा क्रमशः 3100 एवं 5100 रुपए नगद पुरस्कार की घोषणा की गई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी 12वीं के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



## चंद्रशेखर जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित

**चंद्रपुर।** जिया मां साहित्य मंच रक्तदान समूह बैंगलोर द्वारा नगर के समाजसेवी गौसेवक एवं रक्तदाता चंद्रशेखर मालवीय को वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित जीवन रक्षक सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें मानव सेवाएं नियमित रक्तदान तथा समाज हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। मानव सेवा के प्रति समर्पण की पहचान व सम्मान में जिया मां साहित्य मंच बैंगलोर के द्वारा चंद्रशेखर मालवीय ने निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर अनेक जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सेवा कार्यों ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है और युवाओं को प्रेरित किया है। रक्तदान को बढ़ावा देने का आह्वान कार्यक्रम में मालवीय ने बताया कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। सम्मान पत्र में क्या कहा गया है कि मानव सेवा के क्षेत्र में रक्तदान एवं समाज सेवा हेतु आपके सराहनीय योगदान के लिए आपको जीवन रक्षक सम्मान सादर प्रदान करते हुए जिया मां साहित्य मंच गौरवान्वित है। इस अवसर पर नगर के राजू केसरवानी, बिल्लू गुप्ता बजरंग साहू, रघु महाराज, लोकेश मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने मालवीय को बधाई दी।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल , 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त